छत्तीसगढ़ में खुलेगी बैडमिंटन अकादमी

चर्चा में क्यों?

13 सितंबर, 2021 को **छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल** ने राज्य में जल्द ही **बैडमिंटन अकादमी** की स्थापना करने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने यह घोषणा राज्य में खेलकूद को बढ़ावा देने, खेल सुविधाओं के विकास और खेल प्रतिभाओं को निखारने से संबंधित विभिन्न खेल संघों और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा के दौरान की।
- उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं में सुधार के लिये **छत्तीसगढ़ खेल विकास प्राधिकरण का गठन** किया गया है। जल्द ही निकाय में खिलाड़ियों की नियुक्ति की जाएगी।
- उन्होंने कहा कि प्रमुख उद्योगों को स्टेडियम के रख-रखाव और खिलाड़ियों के लिये खाने-पीने की व्यवस्था की ज़िम्मेदारी सौंपी जाएगी। साथ ही उद्योगों के माध्यम से **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के प्रशिक्षकों की नियुक्ति** की जा सकती है।
- मुख्यमंत्री ने प्रतिभाओं को निखारने के लिये उपलब्ध **अंतर्राष्ट्रीय स्तर की आधारभूत सुविधाओं का उपयोग** करने पर ज़ोर दिया।
- बघेल ने व्यावसायिक और औद्योगिक समूहों से राज्य में खेलों को प्रोत्साहन हेतु योगदान देने का अनुरोध किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/badminton-academy-will-open-in-chhattisgarh